बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना-800 010
दूरभाष नं0-0612-2261250/2262265, फैक्स-0612-2261050
ई-मेल-bspcb@yahoo.com, वेबसाईट-http://bspcb.bih.nic.in

पत्रांक-पी.सी./पी.आर.-105/प्रेस विज्ञप्ति/2019/**559** पटना, दिनांक:-03.06.2019

प्रेस-विज्ञप्ति

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस, 2019 के लिए 'यूनाइटेड नेशन्स इन्वायरमेंट प्रोग्राम' (UNEP) द्वारा घोषित विषय-वस्तु ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान दिनांक 25 मई, 2019 से प्रारंभ की गयी है।

साइकिल रैली में शामिल करीब 150 एन.सी.सी. के कैडेट्स एन.सी.सी. मुख्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना में इक्कठे हुए। रैली को 11वीं बिहार बटालियन, एन.सी.सी., पटना के सुबेदार मेजर श्री राजेश सिंह द्वारा झंडी दिखाकर प्रात: 06:30 बजे रवाना किया गया। यहां से रैली प्रेमचन्द गोलम्बर, दिनकर गोलम्बर, साहित्य सम्मेलन-चिरैयाटाड़ पुल, कंकड़बाग मोड़ होते हुए शिवाजी पार्क, कंकड़बाग के समीप समाप्त हुई। रैली में शामिल एन.सी.सी. कैडेट्स अपने शरीर पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारे लिखे आकर्षक पोस्टर लगाये हुए थे।

शिवाजी पार्क में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित 'नुक्कड़ नाटक' ''जमाना बदलेगा'' का मंचन किया गया। जिसे वहां उपस्थित जन-समूह द्वारा सराहा गया। नुक्कड़ नाटक श्री विज्येन्द्र कुमार टॉक द्वारा निर्देशित था।

उक्त नुक्कड़ नाटक का मंचन पुन: आज शाम 5:30 बजे से 6:30 बजे के बीच राजेन्द्र नगर स्टेशन परिसर के समीप में किया जायेगा।

वीरेन्द्र कुमार
03.06.2019
(वीरेन्द्र कुमार)
जन-सम्पर्क पदाधिकारी